200 नेत्रदानी परिवार सम्मानित हुए

कोटा, (निसं)। कोटा आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चेप्टर द्वारा विश्व नेत्रदान दिवस पर नेत्रदाता परिवार, नेत्र चिकित्सक एवं सहयोगकर्ता सम्मान समारोह झालावाड़ रोड स्थित पुरूषार्थ भवन में आयोजित किया गया गया।

सचिव सुरेश सेडवाल ने बताया कि इस अवसर पर 200 नेत्रदाता परिजनों को माला, शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संयोजक रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पाण्डेय ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेत्र की आवश्यकता एवं कार्निया प्रत्यारोपित की प्रक्रिया को दर्शाया गया। कार्यक्रम में शाईन इण्डिया का भी योगदान रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा, अध्यक्षता कर रही कोटा मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना, विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के राजस्थान चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला, कोटा एस पी शरद चौधरी, पवन कुमार जैन कमांडेंट आर ए सी, आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चेप्टर के अध्यक्ष के के कंजोलिया एवं राजस्थान की सीनियर मैनेजर सुदर्शना शेखावत व कोऑर्डिनेटर एच सी सिंघल ने नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित किया। इस अवसर नेत्र चिकित्सा एवं सहयोगी ईश्वर लाल सैनी, डा.महेश पंजाबी, जी डी पटेल, राजेन्द्र अग्रवाल, डा सुरेश पाण्डेय, डा शैलेन्द्र बिरला, डा कुलवंत गौड़, हरिश अग्रवाल आदि को सम्मानित किया गया।

अपने स्वागत भाषण मे डॉ. के के कंजोलिया ने कहा कि आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान ने कोटा चेप्टर को उनके कॉर्निया डोनेशन में सर्वश्रेष्ठ चेप्टर घोषित किया था। 22वीं जनरल बोर्ड मीटिंग में आई बैंक सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष बी एल शर्मा आई ए एस ने कोटा चेप्टर को प्रमाण पत्र सौपा था। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से कोटा चेप्टर निरंतर सक्रिय होकर कार्य कर रहा है। डा. के के कंजोलिया ने बताया कि आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान पिछले 20 वर्षो से प्रदेश में नेत्रदान अभियान में गतिशील है। सोसायटी कॉर्निया अंधता से परेशान रहे मरीजों के उत्थान के लिए प्रयत्नशील है।

कोटा में नेत्रदानी परिवारों का सम्मान किया गया।

सोसायटी द्वारा 2002 से मई 2023 तक कुल 19835 कॉर्निया प्राप्त किए गए एवं 12787 कॉर्निया प्रत्यारोपित किए गए इस प्रकार हमारा यूटिलाइजेशन राईड 64.47 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय प्रतिशत 55 प्रतिशत है। कोटा चेप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ सुरेश पाण्डेय ने बताया कि कोटा चेप्टर 9 अक्टूबर 2011 से कोटा संभाग में कार्यरत है प्रथम वर्ष 6 कॉर्निया ही प्राप्त हो सके, मई 2023 तक संस्थान ने कुल 1546 कॉर्निया प्राप्त किए जा चुके है। जिनमें से 846 कार्निया प्रत्यारोपित किये जा सके है। इसका यूटिलाइजेशन रेट 55 प्रतिशत है। सभा को सम्बोधित करते हुए अतिथियों ने अपने विचार मंच से रखे।

मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने नेत्रदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि नेत्रदानी परिवारों का सम्मान करना सामाजिक सद्भाव, मानवीयता और उदारता के प्रतीक है। संस्था के इस कार्य से शहर में नेत्रदान के प्रति रुझान बढ़ेगा। सिटी एसपी शरद चौधरी ने कहा कि आज जिन व्यक्तियों को हम सम्मानित कर रहे है उन्हे मंच पर स्थान मिलना चाहिए। असली सम्मान के हकदार नेत्रदानी परिवार है जिनकी प्रेरणा से अन्य लोग नेत्रदान के लिए आगे आयेंगे। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेत्रदान मानवीय अनुदान का एक महत्वपूर्ण पहल है। यह एक उच्चतम दान है जिससे एक व्यक्ति कर सकता है।

यह उच्च विचारशीलता और दया का प्रतीक है। इस दान से आप किसी व्यक्ति के अंधेरे जीवन में रंग भर देते हो। मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना ने अपने मार्मिक उद्बोधन में कहा कि नेत्रदान के प्रति

■ नम आंखों से नेत्रदानी परिवार ने सम्मान स्वीकार किया

भावुकता से मार्मिक रूप पेश किया और नेत्रदान प्राप्त करने वाले व्यक्ति जीवन में परिवर्तन को भी बताया। उन्होंने नेत्रदान के आव्हान करते हुए कहा कि कोटा में जिस प्रकार रक्तदान के प्रति जागरूकता है उस प्रकार नेत्रदान के प्रति भी जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है कोटा को नेत्रदान में भी प्रथम पायदान पर लाना है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेश पाण्डेय ने अपने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बारे में बताया उन्होंने बताया कि भारत में हर 1 मिनट में एक बच्चा और और हर 5 सेकंड में एक व्यस्क व्यक्ति अंधता को प्राप्त हो रहा है। देश भर में ढाई लाख कॉर्निया की जरूरत है लेकिन 50,000 ही उपलब्ध हो पाते हैं। इसके लिए लोगों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में नेत्रदान करें।

एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं। आंकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीनों को एक ही साल में आंखे मिल जायेगी। मगर लोग नेत्रदान करते नहीं है और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतिक्षा सूची लंबी होती जा रही है।

कोटा उत्तर क्षेत्र में वार्ड 4, 18 व 44, 45 के दो दिवसीय शिविर कल से

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोटा उत्तर के क्षेत्र में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जा रहे मंहगाई राहत शिविर एंव प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के शिविर आयोजन के तहत नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र में सोमवार से वार्ड नं. 4, 18, 44, व 45 के नागरिकों के लिए दो दिवसीय शिविरों का शुभारम्भ होगा।

इन शिविरों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आमजन के पंजीकरण किए जाएंगे व मौके पर ही गारंटी कार्ड जारी किए जाएंगे। कोटा उत्तर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि 12 व 13 जून को वार्ड वाईज आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिविरों के तहत वार्ड नम्बर 4 के नागरिकों के लिए शिविर सेक्टर कार्यालय मोखापाड़ा, पाटनपोल, वार्ड नं. 18 के नागरिकों के लिए शिविर उच्च माध्यमिक विद्यालय नया नोहरा तथा वार्ड नम्बर 44 के नागरिकों के लिए शिविर मजदूर संघ कार्यालय रेलवे वर्कशॉप कॉलोनी, पॉवर हाउस के सामने कोटा जंक्शन एवं वार्ड 45 के नागरिकों के लिए शिविर जे.पी. कोलोनी पुलिया के नीचे आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों का संचालन प्रातः 10 से सांय 6 बजे तक रहेगा।

सार-समाचार

पिकअप का टायर फटने से किसान घायल

कोटा, (निसं)। सीमलिया थाना क्षेत्र के कराड़िया गांव के पास सामान भरकर कोटा भामाशाहमंडी की ओर आ रहे एक पिकअप का कराड़िया गांव के पास अचानक टायर फटने से पलटी खा गई। दुर्घटना में पिकअप सवार 45 वर्षीय किसान मुकेश मीणा पुत्र बाबूलाल निवासी गांव सोरसन अंता जिला बारा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। सीमलिया थाना पुलिस के अनुसार घायल मुकेश मीणा सोरसन गांव का रहने वाला है जो पिकअप में लहसुन भरकर बेचने के लिए कोटा भामाशाहमंडी जाने के लिए घर से निकला था। मुकेश मीणा के साथ पिकअप चालक व ड्राइवर भी साथ था। इसी दौरान रास्ते में कराड़िया गांव के पास अचानक पिकअप गाड़ी का टायर फटने से पिकअप पलटी खा गई। जिससे पिकअप सवार मुकेश मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पिकअप सवार लोगों को बाहर निकाला गया। दुर्घटना में मुकेश मीणा के गंभीर चोटे आने से उसे एंबुलेंस की मदद से एमबीएस अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। सीमलिया थाना पुलिस ने घायल किसान के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है अनुसंधान जारी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना क्षेत्र के धाकड़खेड़ी के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार 23 वर्षीय युवक महेंद्र सैनी पुत्र चेलाराम सैनी निवासी गांव टिकरदा थाना दबलाना जिला बूंदी गंभीर चोट आने से एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उद्योग नगर थाना पुलिस के अनुसार घायल युवक महेंद्र सैनी उसके एक दोस्त मुकेश सैनी के साथ कैथून से मोटरसाइकिल पर कोटा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान धाकड़खेड़ी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक महेंद्र सैनी के पैर व सिर में गंभीर चोट आने से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां का उपचार जारी है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर सीसीटीवी फुटेज आदि चेक किए जा रहे हैं। अनुसंधान जारी है।

घर पर काम करते समय युवती सर्पदंश से अचेत

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में घर पर काम कर रही 23 वर्षीय युवती सर्पदंश से अचेत हो गई। जिसको उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस के अनुसार पीड़ित युवती माया पत्नी स्वर्गीय जानकी लाल बैरवा निवासी आदर्श नगर भदाना रंगपुर रोड रेलवे कॉलोनी के रहने वाली है। जो रात को घर पर सफाई का काम कर रही थी इसी दौरान 4 फीट लंबे काले सांप ने युवती के पेर पर डस लिया। युवती मौके पर ही अचेत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को लगने पर वह तुरंत उसे लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवती को अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है जांच जारी है।

सार-समाचार

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

कोटा, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि उसका सिर, धड़ से अलग हो गया और ट्रेक पर 15 से 20 फीट दूर जा गिरा। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मोर्चरी शिफ्ट करवाया। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हुई। ये भी साफ नहीं हुआ कि ये एक्सीडेंट है या सुसाइड। उद्योगनगर थाना सीआई मनोज सिकरवार ने बताया कि घटना दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास की है। सम्पर्क क्रांति ट्रेन दिल्ली की तरफ से आ रही थी। डकनिया स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास एक युवक ट्रेन से टकरा गया और रेल की पटरी पर जाकर गिरा। उसका सिर धड़ से अलग होकर दूर जा गिरा। शव भी शत विक्षत हो गया। शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है। मृतक की पहचान नहीं हुई है। हुलिए से उसकी उम्र 40 साल के आसपास लग रही है। उसने मिस्त्री जैसे कपड़े पहन रखे है। मृतक की शिनाख्तगी के लिए आसपास के थानों से सम्पर्क किया है।

ठगी के आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर से लाखों रुपए की ठगी के दो आरोपियों को पुलिस ने हरियाणा राज्य के पलवल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ठगी करके ले जाये सोने के जेवरात बरामद भी किये है। साथ ही एक लग्जरी कार भी जप्त की गई है। शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि 3 जून को आकाशवाणी में कार्यरत हरिओम मीणा के घर से बहला फुसलाकर कर बीमार पुत्र को ठीक करने को लेकर लाखों के सोने के जेवर लेकर फरार हो गया। सिटी एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसने पलवल हरियाणा से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी नवाब नाथ सपेरा व संजीव सपेरा है जिन्होंने अब तक 16 वारदात करना कबूल किया है।

बिजली बंद रहेगी

कोटा, (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव व यूआईटी के कार्यो के कारण रविवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक राजेश मोटर्स, आरटीएल, राठी वाली गली, हरियाली किसान मार्केट के आसपास, सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आईडीबीआई बैंक, घोड़ेवाला चौराहे के आसपास, जुबेर कॉम्पलेक्स, रावतभाटा रोड, शॉपिंग सेंटर, जैन मंदिर, सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक इण्डस्ट्रियल एरिया छावनी, दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक मोहता इण्डस्ट्रिज, निम्बस स्टोन, जगदम्बा पेस्टीसाइड्स, संगीता इण्डस्ट्रिज, कृष्णा रेजीडेंसी, सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक मंगलम सीमेन्ट, फिजिक्स वाला, वाइब्रेंट एकेडमी, बंसल क्लासेज, रोड नं.2,3,5, डकनिया रोड, होटल पार्क जोन, राहुल ट्रांसफार्मर, महिन्द्रा व किया शोरूम, हुण्डई शोरूम, रीको ऑफिस, सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक मोटर मार्केट, पॉलीटेक्निक कॉलेज के आसपास क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

गिट्टी में बाइक फिसली, युवक घायल

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र के भदाना पुलिया के पास गिट्टी में मोटरसाइकिल स्लिप हो जाने से 18 वर्षीय युवक सोनु पुत्र रामू लोधा निवासी श्योपुर मध्यप्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक दो दिन पहले ही अपनी मौसी के घर रिद्धि सिद्धि नगर भदाना में छुट्टी मनाने के लिए आया था। रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस के अनुसार घायल युवक सोनू पुत्र रामू लोधा गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए श्योपुर से 2 दिन पहले रिद्धि सिद्धि नगर भदाना निवासी मौसी के यहां आया हुआ था। शाम को वह पानी पतासे खाने के लिए प्रताप कॉलोनी जाने के लिए मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था रास्ते में भदाना पुलिया के नीचे गिट्टी फैली होने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर अचानक गिर पड़ी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक का पैर फैक्चर होने से उसे अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार जारी है। घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सीढ़ियों पर पैर फिसलने से बुजुर्ग घायल

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में क्षेत्र से उतरते समय सीढ़ियों पर पैर फिसलने से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बुजुर्गों को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। महावीर नगर थाना पुलिस के अनुसार घायल बुजुर्ग नाथूलाल महावर (60) पुत्र मांगीलाल निवासी संतोषी नगर महावीर नगर का रहने वाला है। जो 30 मई को छत पर सोते समय अचानक नींद खुलने से पानी पीने के लिए नीचे की ओर आ रहा था इसी दौरान नींद में अचानक सीढ़ियों से पैर फिसलने से बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना की जानकारी पर घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर एमबीएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल बोलने की हालत में नहीं है। परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

सैनेटरी नैपकिन का वितरण

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में शनिवार को राज्य सरकार की उडान योजना के अन्तर्गत छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने की। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुये स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए संचेत किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थान सरकार द्वारा निःशुल्क नैपकिन उपलब्ध करवाने हेतु संचालित उडान योजना की सराहना की।

'बेहतर टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति मिली है'

कोटा, (निसं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के इकाई प्रमुख प्रेम सिंह यादव ने बताया कि भारत सरकार के 9 साल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर भारत सरकार ने एक पुस्तक जारी की है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई एवं समस्याओं का निराकरण शिविर के दौरान यादव द्वारा भेंट की सप्रेम भेंट की इस पुस्तक में भारत सरकार द्वारा की गई 9 साल के कार्यों का ब्यौरा दिया गया है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नीति निर्माण के 14 पहलुओं अर्थात बुनियादी ढांचे से होते हुए विदेश नीति से लेकर सामाजिक न्याय तक भारत के परिवर्तन को दर्शाने वाली एकमात्र पुस्तक है, यह वंचितों की सेवा करने महिलाओं को सशक्त बनाने युवाओं को अवसर प्रदान करने और किसानों को सम्मान दिलाने से जुड़ी नववर्ष की गाथा है। इसमें विस्तार से प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया, गरीबों की सेवा जनता का सम्मान, सुनिश्चित हो रहा किसानों का कल्याण, नारी शक्ति हो रही ताकतवर, भारत की अमृत पीढ़ी हो रही सशक्त, माध्यम वर्ग का जीवन कैसे हुआ आसान, सभी के लिए सस्ते सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा भारत, वैश्विक और आर्थिक महाशक्ति, बेहतर टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति मिली है, नॉर्थईस्ट बन रहा है विकास का नया इंजन, विरासत और पर्यावरण एवं सतत विकास जैसे अनेक प्रमुख कार्यक्रमों का मुख्य विवरण दिया हुआ है।

यह किताब हरीकृष्ण बिरला, चेयरमैन, जिला सहकारिता विभाग होलसेल उपभोक्ता भंडार कोटा को भी भेंट की गई। यह अवसर था लोकसभा अध्यक्ष द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई का जिसमें यह पुस्तक आमजन को भी वितरित की गई।

गुर्दे की बीमारी का सफल इलाज

कोटा, (निसं)। हाड़ौती के उच्च स्तरीय चिकित्सा प्रदान करने वाले ईथॉस हॉस्पिटल कोटा में गुर्दे की गंभीर बीमारी को लेप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी से सफल इलाज यूरोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य शर्मा के निर्देशन में किया गया। बूंदी निवासी रामप्रसाद बहुत समय से गुर्दे से निकलने वाली पेशाब की नली में रुकावट की बिमारी से ग्रस्ति था। जिसका उपचार कई जगह करवाने के उपरान्त राहत नहीं मिल पा रही थी। ईथॉस अस्पताल के डा. आदित्य शर्मा के परामर्श पर वह ऑपरेशन के लिए मरीज तैयार हुआ और मरीज का पूर्ण परीक्षण करके दूरबीन से सूक्ष्म छिद्र द्वारा जटिल ऑपरेशन करके पेशाब की नली को दुरुस्त किया गया। मरीज के दाएं गुर्दे से निकलने वाली पेशाब की नली में रुकावट के कारण उनको अक्सर बुखार रहता था और गुर्दे पर दबाव के कारण सूजन होने से अक्सर दर्द बना रहता था अब उन्हे पूर्ण राहत है। ईथॉस हॉस्पिटल कोटा में यूरोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन डॉ. आदित्य शर्मा द्वारा सूक्ष्म छिद्र या बिना छिद्र के दूरबीन द्वारा / बिना चीर फाड के निरंतर किए जा रहे हैं। यूरोलॉजिस्ट (मूत्र रोग विशेषज्ञ) डॉ. आदित्य शर्मा ने बताया कि लैप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी से सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

कांग्रेस लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का 12 जून को हाड़ौती से आगाज होगा

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान की समस्त अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की एकदिवसीय संभागीय कार्यशाला आगामी 12 जून से यूआईटी ऑडिटोरियम कोटा में प्रातः 10 एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के राजू एवं अनुसूचित जाति विभाग से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया के सानिध्य में आयोजित होगी।

कांग्रेस कमेटी कार्यशाला में 12 जून को आयोजित होने वाली संभागीय कार्यशाला को लेकर लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर डॉ शंकर यादव ने सर्किट हाउस प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में बूंदी, कोटा, झालावाड़ एवं बारां जिलों के करीब 1200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मिशन 59 के तहत राजस्थान की सभी एससी एसटी सीटों पर जीतने के उद्देश्य से हाडौती की धरती से कांग्रेस लीडरशिव डवलपमेंट मिशन का आगाज किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के कई मंत्री व विधायक जन प्रतिनिधि प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 34 एससी और 25 एसटी सीटों पर हमारा फोकस रहेगा।

डॉ. यादव ने कहा कि देश की स्थिति दयनीय है, सात साल पहले गुलाबी नोट शुरू किया था जिस नोट की उम्र सात साल नहीं वह क्या देश चलाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, अराजकता, साप्रदायिक सदभाव बिगाडने का जो काम हो रहा है मिशन उसके खिलाफ काम करेगा ओर नए लोगों को नए नेताओं को तलाश कर समाज हित में कार्य करने का काम कांग्रेस लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन करेगा। छात्र युवा व महिलाओं को पहली बार विशेष रूप से इस कार्यशाला में आमंत्रित किया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जनाधार वाले नेताओं युवाओं पर पूरा फोकस रखेगी वहीं केंद्र सरकार की नाकामियों एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों वे योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएगी वह महंगाई राहत कैंप तथा कांग्रेस की विचारधारा को आमजन तक ले जाने का प्रयास करेगी। यादव ने कहा कि आगामी समय में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए, देश के युवाओं दलितों और महिलाओं को कांग्रेश की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

यादव ने बताया कि कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेताओं राज्य के प्रमुख नेताओं राज्य के प्रमुख नेताओं व संभागीय वरिष्ठ नेताओं को भी व संभाग के वरिष्ठ नेताओं को भी कार्यशाला में आमंत्रित किया जाएगा। लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत पूरे कोटा संभाग में युद्ध स्तर पर नए व अनुभवी लोगों को कांग्रेसी विचारधारा से जोड़कर उनकी सकारात्मक भूमिका से पार्टी हित में तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर संभागीय समन्वयक राकेश बोयत, अध्यक्ष अध्यक्ष दिनेश खटीक, आबिद कागजी, शिवकांत नंदवाना, देहात अध्यक्ष माया राम मेघवाल, केशवराय पाटन से डॉ. डीके मेघवाल, देवेन्द्र यादव, भारतयात्री विवेक भटनागर विनोद बुर्ट सहित कई लोग उपस्थित थे।

नेत्रदानी परिवारों का सम्मान किया

बूंदी (निसं)। विश्व नेत्रदान दिवस पर आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान कोटा चैप्टर और साइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आज गोबरिया बावडी स्थित प्रसाद भवन नेत्रदानी परिवारों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक कोटा शहर शरद चौधरी, संगीता सेक्ससेना मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ,एच सी सिंघल, डॉक्टर के के कनजोरिया , आई बैंक सोसायटी अध्यक्ष सुधकसना शेखावत, राजेश कृष्ण बिरला नागरिक सहकारी बैंक चेयरमैन रहे।अतिथियों ने नेत्रदान परिवारजनों को शाल ओढाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मुनीरा बानो पत्नी बुरहानुद्दीन से बदलकर नया नाम मुनीरा नजमी पत्नी बुरहानुद्दीन नजमी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मुनीरा नजमी पत्नी बुरहानुद्दीन नजमी फ्लेट-203 बुरहानी काम्पलेक्स सेफी बाग बैराज रोड टिपटा कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम बुरहानुद्दीन से बदलकर नया नाम बुरहानुद्दीन नजमी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-बुरहानुद्दीन नजमी पुत्र फजल हुसैन फ्लेट-203 बुरहानी काम्पलेक्स सेफी बाग बैराज रोड टिपटा कोटा

नाम परिवर्तन

मैं अरवा हुसैन मैंने अपने पुत्र बुरहानुद्दीन का नाम बदलकर नया नाम बुरहानुद्दीन रतलामी रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को बुरहानुद्दीन रतलामी के नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-बुरहानुद्दीन रतलामी पुत्र हुसैन रतलामी नई आबादी गोल चौराहा बांसवाड़ा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1033 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 9.6.23

आवास संख्या 4/216 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री श्यामलाल शर्मा पुत्र श्री चतुर्भुज शर्मा को किया गया था। श्री श्यामलाल शर्मा पुत्र श्री चतुर्भुज शर्मा की मृत्यु दिनांक 19.04.1995 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत उक्त आवास का हस्तान्तरण दिनांक 21.04.2001 को इनकी पत्नी श्रीमती रुकमणी देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री श्यामलाल शर्मा के नाम किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती रुकमणी देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री श्यामलाल शर्मा द्वारा दिनांक 11.03.2010 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्रीमती रुकमणी देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री श्यामलाल शर्मा द्वारा इस आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र (दान पत्र) आलेखित कर दिनांक 08.04.2014 को अपने छोटे पुत्र श्री विकास शर्मा पुत्र स्व. श्री श्यामलाल शर्मा को किया गया। श्री विकास शर्मा पुत्र स्व. श्री श्यामलाल शर्मा का नाम दिनांक 31.01.2022 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री विकास शर्मा पुत्र स्व. श्री श्यामलाल शर्मा द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 28.03.2023 को श्रीमती मनिंदर कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह को किया गया। श्रीमती मनिंदर कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मनिंदर कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मनिंदर कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती मनिंदर कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया

कोटा, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि जागरूक समाज ही पर्यावरणीय समस्याओं और प्रदूषण मुक्ति कर सकता है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए नागरिकों से एकजुट होने का आव्हान किया।

शहर को बचाने के लिए चंबल को प्रदूषण मुक्त करना एवं शुद्ध वातावरण के लिए पेड़ों का होना बहुत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुकुंदरा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निर्देशक शारदा प्रताप सिंह ने पर्यावरण की रक्षा के लिए स्वच्छता पर जोर देने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत कुछ कर रही हैं, इसमें हर नागरिक का सहयोग वांछनीय है। प्लास्टिक पॉलिथीन के कचरे निष्पादन अपने ही देश में शुरू हो गया है जो अन्य शहरों में भी मॉडल बन सकता है। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कोटा के आसपास हो रहे अवैध खनन पर चिंता व्यक्त करते हुए वन अधिकारियों से इस पर लगाम लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वन विभाग में ही क्या हर विभाग में ही पर्याप्त स्टाफ का अभाव है। कार्यक्रम में मंडल वन अधिकारी जयराम पांडे ने वन भूमि पर हो रहे अवैध खनन की

■ 'जागरुक समाज ही पर्यावरण प्रदूषण से निपट सकता है'

चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि विभाग सीमित संसाधनों में अपने कर्तव्यों की पालना करने में पीछे नहीं उठेगा। उन्होंने वन क्षेत्र में हो रहे वन संरक्षण और स्मृति वन लव कुश वाटिका बॉटनिकल गार्डन, नगर वन एवं आने वाले समय में व्यापक पौधारोपण की चर्चा की।

चंबल संसद के अध्यक्ष कुंज बिहारी नंदवाना ने वन, वन्य जीव संरक्षण चंबल नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नागरिकों से संगठित होने का आव्हान किया। जनता की आवाज प्रभारी शंकर आसकंदानी ने पर्यावरण में योगदान देने वालों की प्रशंसा की। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी एवं चंबल संसद के संरक्षक जीडी पटेल ने गायत्री परिवार द्वारा विकसित श्रीराम शर्मा वन वाटिका के प्रयासों की जानकारी दी। शिक्षाविद डॉक्टर मदन मोहन मामा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

चंबल संसद के समन्वयक बृजेश विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यावरण वन वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महेश चंद्र श्रीवास्तव, कमला नंदवाना, संजय पारीक, विनोद चतुर्वेदी, संदीप नरूका, गौरव गुप्ता, कपिल भट्ट, डीके शर्मा, वनपाल धर्मराज टाटावत, वन रक्षक नीतू मालव, समाज सेवी रश्मि गौड़, बनवारी पंचोली, श्री राम वाटिका से ललित सोनी प्रेम नगर समेत एक दर्जन से अधिक पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों में ईश्वर लाल सैनी, यज्ञदत्त हाड़ा, शशि गौतम, डॉ वीके सक्सेना, डॉ विनीत महोबिया, डॉ कृष्णेंद्र सिंह, मुकेश सुमन, चतुर्भुज जोशी एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरणविद गीता दाधीच ने किया।

स्मृति वन अनन्तपुरा में विधायक संदीप शर्मा के कोष से मंजूर 5 बोरवेल का काम नगर निगम द्वारा एक वर्ष में भी शुरू नहीं करने पर स्मृति वन सलाहकार समिति ने विधायक के समक्ष रोष व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष बृजेश विजयवर्गीय, केबी नंदवाना ने विधायक से कार्यकारी एजेंसी वन विभाग को बनाने की मांग की। संदीप शर्मा ने बताया कि नगर निगम का कोई ठेकेदार टेंडर नहीं डाल रहा। समिति ने विधायक से कहा कि कार्यकारी एजेंसी को तुरंत बदलो। अन्यथा लापरवाही में विधायक कोष की राशि लेप्स हो जाएगी।

D.No. 558/10.05.2023 **नोटिस**

बइजलास श्री अश्वनी विज आर.एच.जे.एस. जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटा (राजस्थान)

न्यायालय डि. जजी कोटा
प्रकरण संख्या 47 सन् 2023

1. कान्ति बाई बेवा रामनिवास जी मीणा जाति मीणा
2. वर्षा मीणा पुत्री रामनिवास जी जाति मीणा
3. मनीषा मीणा पुत्री रामनिवास जी जाति मीणा
4. प्रिया मीणा पुत्री रामनिवास जी जाति मीणा
5. लक्ष्यदीप मीणा आत्मज रामनिवास जी जाति मीणा
6. गोबरी बाई पत्नी लड्डूलाल उर्फ गणेशलाल जाति मीणा निवासीगण ग्राम कजालिया तहसील पीपल्दा जिला कोटा-राज.

......प्रार्थीगण

विरूद्ध

1. यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, घोड़ेवाले बाबा चौराहा, शोपिंग सेन्टर, कोटा जरिये शाखा प्रबंधक
2. आम जनता

......प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

जनरल नोटिस

प्रार्थीगण द्वारा उक्त शीर्षक का प्रार्थना पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश कर याचना की है कि प्रार्थीया संख्या 1 के प्रति एवं प्रार्थी संख्या 2 लगायत 5 के पिता व प्रार्थीया संख्या 6 के पुत्र रामनिवास आ. लड्डूलाल के प्रतिपक्षीय संख्या 1 यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया घोड़ेवाला बाबा, चौराहा शॉपिंग सेन्टर, कोटा के यहां खाता संख्या 520102451527 66 में दिनांक 02.01.2023 तक राशि 86,197/- रूपये अक्षरे छियासी हजार एक सौ सतानवें रूपये जमा है। श्री रामनिवास का दिनांक 20.01.2018 को निधन हो गया है। प्रार्थीगण, स्व. रामनिवास के विधिक वारिस होने से उक्त जमा राशियों में राशि प्राप्त होने तक ब्याज सहित राशि की प्राप्ति हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. रामनिवास की उक्त जमा राशि के सम्बन्ध में प्रार्थीगण के पक्ष में राशि प्राप्त हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.07.2023 को प्रातः 10.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर उज्र पेश करे। अन्यथा प्रार्थना पत्र एक पक्षीय फैसला कर दिया जावेगा। आज दिनांक 09.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी किया गया।

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
(मुद्रा) जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

कार्यालय नगर पालिका रामगंजमंडी जिला कोटा (राज.)

क्रमांकः-न.पा.रा./2023/79 दिनांक-9.6.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना 01/2023-24

नगर पालिका रामगंजमंडी द्वारा निम्नलिखित कार्य करवाए जाने है। अतएव सार्वजनिक निर्माण विभाग की प्रचलित नवीन नियमावली के अनुरुप राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों/स्वायत्तशासी संस्थाओं/निगमों/बोर्डों/ राजकीय उपक्रमों में पंजीकृत संवेदकों से उपरोक्तानुसार सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.06.2023 को दिन में 1:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 14.06.2023 दोपहर 2:00 बजे जमा कराई जा सकेगी एवं उसी दिन दोपहर 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पी.डब्ल्यू.डी.एफ. एण्ड ए.आर. के नियमानुसार अर्नेस्ट मनी ली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा संबंधित अमानत राशि एवं निविदा शुल्क पालिका कार्यालय में निर्धारित समय अवधि में ही जमा करवायी जायेगी। उक्त निविदा सूचना नगरपालिका रामगंजमंडी की वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB-DLB2324A2688 UBN-DLB2324WSOB08858

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका रामगंजमंडी

कार्यालय नगरपालिका रामगंजमंडी जिला कोटा (राज.)

क्रमांकः-न.पा.रा./2023/763 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांकः-09.06.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका द्वारा स्वीकृत योजना में निर्माण स्वीकृति एवं नामान्तरण साथ ही आबादी क्षेत्र में स्थित भूमि/मकान/दुकान नाम दर्ज हेतु नगरपालिका कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। निम्न पत्रावलियों के निर्माण स्वीकृति अनुज्ञा पत्र/नामान्तरण/नगरीय विकास कर अनुभाग में नाम दर्ज किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के सात दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दे। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.स.	आवेदक का नाम मय पता	क्षेत्रफल	उनवान	चर्तुसीमा की स्थिति			
				पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री विवेक मित्तल पुत्र श्री त्रिलोक चंद मित्तल जाति महाजन निवासी रामगंजमंडी	दुकान नं. 1 रकबा 290.25 वर्गफुट	नामान्तरण हेतु	अन्य भूमि	रास्ता बाजार नं. 03	दुकान नं. 2	गली 5 फुट बाद मकान सेठी जी
2	श्री त्रिलोक चंद पुत्र श्री ताराचंद जाति महाजन निवासी रामगंजमंडी	दुकान नं. 2 रकबा 290.25 वर्गफुट	नामान्तरण हेतु	अन्य भूमि	रास्ता बाजार नं. 03	दुकान नं. 3	दुकान नं. 1

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रामगंजमंडी